/221229/2022

संख्या–124गो0से0आ0 / सैंतीस–2–2022–5(16) / 2017टी0सी0

प्रेषक,

देवेन्द्र कुमार पाण्डेय
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन ।

सेवा में

सचिव,
उ0प्र0 गो सेवा आयोग
10वाँ तल इन्दिरा भवन
लखनऊ ।

पशुधन अनुभाग–2 लखनऊ : दिनांक 03 सितम्बर, 2022

विषयः प्रदेश की पंजीकृत गोशालाओं में संरक्षित गौवंश के भरण–पोषण हेतु अनुदान दिये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या–318 / भरण–पोषण / 2022–2023, दिनांक 02.08.2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. प्रदेश में पंजीकृत गोशालाओं में संरक्षित गोवंश के भरण–पोषण हेतु अनुदान दिये जाने के सम्बन्ध में प्रचलित व्यवस्था / प्रक्रिया का सरलीकरण शासनादेश संख्या–2557 / सैंतीस–2–2017–5(16) / 2017, दिनांक 15.12.2017 द्वारा किया गया है। अग्रेतर शासनादेश दिनांक 17.08.2021 द्वारा उक्त व्यवस्था / प्रक्रिया में कतिपय संशोधन किये गये हैं। शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त शासनादेश दिनांक 17.08.2021 के प्रस्तर–7 में विद्यमान व्यवस्था, "किसी भी गोशाला को एक वित्तीय वर्ष हेतु एक ही बार अनुदान देय होगा" को समाप्त करते हुए उसके स्थान पर निम्नवत् व्यवस्था किये जाने का निर्णय लिया गया है:–

"किसी भी गोशाला को एक वित्तीय वर्ष हेतु दिया जाने वाला अनुदान 02 किश्तों में देय होगा। द्वितीय किश्त का भुगतान प्रथम किश्त का उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त होने के उपरान्त उ0प्र0 गो सेवा आयोग के पास उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष देय होगा।"

3. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by देवेन्द्र कुमार
(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
विशेष सचिव।
Date: 30.08.2022 18:43:39
Reason: Approved

संख्या–124गो0से0आ0(1) / सैंतीस–2–2022तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, मण्डी परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
3. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0। (द्वारा सचिव, गो0 सेवा आयोग)
4. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0। (द्वारा सचिव, गो0 सेवा आयोग)

Scanned with OKEN Scanner

5. निदेशक प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग उ0प्र0 लखनऊ।
6. वित्त नियंत्रक पशुपालन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ (द्वारा सचिव, गो0 सेवा आयोग)
7. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, ग्रेड–2 / मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, उ0प्र0। (द्वारा सचिव, गो0 सेवा आयोग)
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(विनोद कुमार द्विवेदी)
अनु सचिव।

Scanned with OKEN Scanner